पूछताछ

o मिस वर्ल्ड युक्ता मुखी क्या मिस यूनीवर्स सुष्मिता सेन और मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय की तरह फिल्म में काम कर रही हैं?

- जया रानी, कानपुर

– जया जी, बिल्कुल कर रही हैं. युक्ता मुखी की पहली फिल्म का नाम है *प्यासा*. इसमें उनके साथ हीरो हैं आफताब शिवदासानी जिन्हें आपने सबसे पहले उर्मिला मातोंडकर के साथ *मस्त* में देखा था.

o रानी मुखर्जी का जन्म कहां हुआ? उनकी पहली फिल्म कौन सी थी?

- सत्यनारायण परमार, शिवगढ़ (म.प्र.)

– रानी मुखर्जी की पहली फिल्म थी *राजा की आएगी बारात*. 1996 में बनी इस फिल्म के निर्देशक अशोक गायकवाड़ थे. नायक थे शादाब खान. रानी का जन्म कलकत्ता में हुआ था.

o कृपया अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का पता देने का कष्ट करें? ***- राजवीर, बोकारो***

– नोट कीजिए–मिथुन चक्रवर्ती, होटल मोनार्क, ऊटी (तमिलनाडु).

o क्या यह सच है कि दिलीप कुमार अपनी पहली फिल्म में हीरो नहीं थे?

– प्रीतिपाल सिंह, पटियाला

– कुछ हद तक यह ठीक ही है. बॉम्बे टॉकीज की *ज्वार भाटा* में, जो 1944 में बनी थी और जिसमें दिलीप ने प्रथम बार अभिनय किया था, वास्तव में आगा और शमीम हीरो-हीरोइन थे. नई जोड़ी दिलीप और मृदुला नंबर दो हीरो-हीरोइन थे.

o मैं बॉबी देओल का जबरदस्त फैन हूं. मैं उनकी हर फिल्म देखता हूं. उनका वर्तमान पता जानना चाहता हूं.

- केनारडेम, झारखंड

– बॉबी का पता नोट कीजिए–प्लॉट नं. 22, 11वां रास्ता, जे.वी.पी.डी. स्कीम, मुंबई-49

o कृपया बताएं कि एक अच्छा गीत लिखने पर एक गीतकार को कितना पारिश्रमिक मिलता है? ***- सुधीर कुमार सिंह, कोलकात्ता***

– दस हजार रुपए तक तो प्रसिद्ध गीतकार ही ले लेता है. कुछ की मांग इससे भी ज्यादा होती है और उन्हें 25 हजार रुपए तक भी मिलते हैं. यह गीतकार की मार्किट वेल्यू पर निर्भर करता है.

o राज कपूर का कैरियर किस फिल्म से शुरु हुआ था? उनकी आखिरी फिल्म कौन सी थी?

- शिवारानी रोहतगी, इंदौर

– राज कपूर ने सर्वप्रथम *हमारी बात* (1942) में एक एक्सट्रा का रोल किया था. उन्होंने *महर्षि बाल्मीकि* में भी काम किया था. *नीलकमल* बतौर हीरो के उनकी पहली फिल्म थी. *आग* में वह निर्माता-निर्देशक बने. एक निर्माता के रूप में उनकी आखिरी फिल्म *हिना* थी जिसे उनके बेटे रणधीर कपूर ने पूरा किया था.

o कृपया मुझे उर्मिला मातोंडकर का फोन नंबर बताने का कष्ट करें. मैं उनसे बात करना चाहती हूं. उनका पता भी बता दें तो कृपा होगी?

– ज्योति सिंघल, डींग

– जहां तक फोन नंबर की बात है, अपने व्यक्तिगत फोन नंबर सितारे बताते नहीं हैं. जो छपते हैं वे उनके कार्यालय के होते हैं जिन पर उनके सैक्रेटरी ही बात करते हैं.अतः फोन से बात करने की बात भी मत सोचिए. रही डाक द्वारा संपर्क करने की बात, तो आप पता नोट कर लें. उर्मिला मातोंडकर, 605-ब्लैंक, ऑक्सफोर्ड टावर के सामने, यमुना नगर, अंधेरी (प), मुंबई-53

o सलमान और रानी मुखर्जी की जोड़ी क्या कामयाब मानी जाएगी? वह कितनी फिल्मों में आ चुके हैं और अब किन फिल्मों में आ रहे हैं?

– शादाब खान, रामपुर

– सलमान-रानी की जोड़ी कामयाब तो नहीं कही जा सकती, क्योंकि उनकी रिलीज फिल्में *हैलो ब्रदर* और *हर दिल जो प्यार करेगा* कामयाब नहीं हुईं. उन दोनों की आने वाली एक फिल्म है *कहीं प्यार न हो जाए*. दूसरी है *चोरी चोरी चुपके चुपके* जो निर्माता नाजिम के माफिया डॉन छोटा शकील से कथित संबंध होने के कारण रिलीज होने से रुक गई है. अब वह कब सिनेमाघरों तक पहुंचेगी, अभी कोई नहीं बता सकता.

o सुना है गोविंदा ने हेमामालिनी के साथ एक फिल्म की है–इंजीनियर नं. 1. उसका क्या बना? ***- उत्तम सिंह आहूजा, चंडीगढ़***

– *इंजीनियर नं. 1* को बनकर तैयार हुए काफी समय हो गया है लेकिन इसे चलाने के लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स तैयार ही नहीं हो रहे. एक बात और



o बेगम पारा किसलिए मशहूर थीं?

- अजीज पेशावरी, अलीगढ़

– फिल्म *चांद* से अपना कैरियर शुरु करने वाली बेगम पारा अपने वक्त की सबसे सैक्सी अभिनेत्री मानी जाती थीं. बिकनी (तैराकी पोशाक) में लिया गया उनका रंगीन चित्र न्यूयॉर्क में छपने वाली लाइफ पत्रिका में छपा था. दिलीप कुमार के अभिनेता भाई नासिर हुसैन से उन्होंने शादी की थी. अभिनेता अय्यूब खां (मृत्युदंड) उन्हीं के बेटे हैं.



o ऋषि कपूर व डिम्पल कापड़िया की पहली फिल्म बॉबी का यदि कोई चित्र हो तो छापने की कृपा करें. सुना है डिम्पल ने इस फिल्म में अंग-प्रदर्शन भी किया था?

- सुधीर जायसवाल, पिलानी

– लीजिए, ऊपर चित्र में ऋषि कपूर व डिम्पल कापड़िया फिल्म बॉबी में दिखाई दे रहे हैं.

नोट करें. इस फिल्म में रोमांटिक जोड़ी हेमा-गोविंदा की नहीं, गोविंदा-उर्वशी की है. उर्वशी दक्षिण भारत की एक लोकप्रिय अभिनेत्री हैं.

o कहो ना प्यार है के बाद रितिक रोशन और अमिषा पटेल की जोड़ी क्या किसी और फिल्म में भी दिखाई देगी?

- सुजाता आर्य, भागलपुर

– राकेश रोशन की फिल्म की जोड़ी अब विक्रम भट्ट के निर्देशन में बन रही फिल्म *आप मुझे अच्छे लगने लगे* में आ रही है. इसमें उनके साथ किरण कुमार, प्रीति सप्रू तथा गुलशन ग्रोवर भी हैं.

o एक अभिनेता होते थे अविनाश वधावन जिन्होंने पापी गुड़िया में करिश्मा कपूर के साथ हीरो का रोल किया था, आजकल वह कहां हैं?

- राम सेवक झा, पटना

– क्योंकि वधावन साहब की बड़े सितारों वाली फिल्म *संगीत* (माधुरी दीक्षित) और *पापी गुड़िया* (करिश्मा कपूर) नहीं चली तो उनका बाजार मंदा पड़ गया. लेकिन हैं वह अभी भी मुंबई में. धर्मेंद्र और अरमान कोहली के साथ अविनाश *यारों की यारी* में आ रहे हैं.

o आपके विचार में भारतीय सिनेमा के विकास में किसका योगदान अधिक है, सत्यजीत राय का या व्ही शांताराम का?

– देवव्रत मुखर्जी, मिदनापुर

– दोनों की तुलना तर्कसंगत नहीं. अपने-अपने ढंग से राय और शांताराम दोनों ने ही महत्वपूर्ण योगदान दिया है. लेकिन जिस जमाने में शांताराम ने *अमर ज्योति, दुनिया न माने, आदमी* और *पड़ोसी* जैसी सामाजिक जागरण वाली फिल्में बनाई थीं उस जमाने में उस तरह की फिल्म बनाने की कल्पना कर पाना भी असंभव था. शांताराम ने उस जमाने में सिनेमा को नए आयाम दिए जब यह मात्र मनोरंजन का साधन माना जाता था. तब तक न इटली में न्यू वेव आई थी और न रूस, फ्रांस और इटली की यथार्थवादी फिल्मों को शांताराम ने देखा था. इसके बावजूद उनके सशक्त सिनेमा ने भारतीय सिनेमा को एक नया अर्थ, एक नई भाषा और एक नया व्याकरण दिया. यह बात शांताराम के योगदान को राय से भी अधिक महत्वपूर्ण बना देती है.

o कृपया यह बताएं कि क्या अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ किसी फिल्म में काम कर रहे हैं?

- लक्ष्मीकांत चौरसिया, मुंबई

– अमिताभ बच्चन अपनी पत्नी जया बच्चन के साथ तो *कभी खुशी कभी गम* में आ रहे हैं, लेकिन अपने बेटे के साथ कई प्रपोजल आने के बाद भी अभी तक तो उन्होंने कोई फिल्म स्वीकार नहीं की है.

o सुना है दिलीप कुमार की बेगम बनने से पहले नसीम बानो की इकलौती बेटी सायरा बानो और राजेन्द्र कुमार का रोमांस हो गया था. क्या आप बताएंगे कि सायरा और राजेन्द्र कितनी फिल्मों में एक साथ आए?

- कालीचरण थापा, काठमांडू

– जिन दिनों सायरा और राजेन्द्र *झुक गया आसमान* में काम कर रहे थे तब इस तरह की खबरें उड़ी थीं. इन अफवाहों का नतीजा यह हुआ कि के. आसिफ से कहकर सायरा-राजेन्द्र की निर्माणाधीन फिल्म *सस्ता खून, महंगा पानी* रद्द कराई गई. कुछ ही महीनों में सायरा-दिलीप की शादी हो गई. *झुक गया आसमान* के बाद फिर कभी सायरा राजेन्द्र कुमार के साथ नहीं आईं. दोनों पहली बार 1964 में *आई मिलन की बेला* में आए थे. यह फिल्म हिट रही. दोनों की आखिरी फिल्म 1968 में बनी थी. सायरा-राजेन्द्र की ये दोनों ही फिल्में टिकट-खिड़की पर कमजोर निकलीं.

- बच्चन श्रीवास्तव